खास-खबरें

कौड़िया छीतू से बकतल सड़क को राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज करने की मांग



नईदुनिया, प्रतिनिधि, सीहोरः मंगलवार को जनसुनवाई में कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर ग्रामीणों ने ग्राम कौड़िया छीतू से बकतल तक पहुंची सड़क को सरकारी रिकॉर्ड में दर्ज करने की मांग की है। ग्रामवासियों ने बताया कि श्मशान घाट जाने के लिए गेलोद से बावखुल होते हुए मस्जिद के पास से बकतल की ओर जाने वाली सड़क कोडिया छीतू के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। तत्कालीन एसडीएम द्वारा यह रास्ता निकलवाया गया था। इस संबंध में ग्राम वासियों द्वारा पूर्व में भी तहसील कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किए जा चुका हैं। आज तक उक्त आवेदनों पर कोई उचित कार्रवाई अथवा सुनवाई नहीं की गई है। यह रास्ता ग्रामवासियों के लिए विशेष रूप से श्मशान घाट जाने एवं अंतिम संस्कार के समय अत्यंत आवश्यक है। ग्राम वासियों ने उक्त रास्ते का राजस्व अधिकारियो से स्थल निरीक्षण कराकर, ग्राम कोड़िया छीतू से गेलोद बावखुल होते हुए मस्जिद के पास से बकतल जाने वाले रास्ते को राजस्व रिकॉर्ड में विधिवत दर्ज कराने की मांग की है।

प्रोग्रेसिव पेंशनर एसोसिएशन की बैठक संपन्न

नईदुनिया, प्रतिनिधि, विदिशा : प्रोग्रेसिव पेंशनर एसोसिएशन की प्रांतीय कार्यकारिणी की बैठक लघु वेतन कर्मचारी संघ भवन भोपाल में प्रांतीय अध्यक्ष ओपी बुधौलिया की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में प्रदेश के विभिन्न संभागों एवं जिलों से पेंशनर पदाधिकारी उपस्थित हुए। रतलाम, सीधी, ग्वालियर, भिंड, मुरैना, अशोकनगर, उज्जैन, इंदौर, महेश्वर, धर्मपुरी, सहित अनेक क्षेत्रों के पदाधिकारियों ने पेंशनरों की समस्याओं पर प्रमुखता से प्रकाश डाला। बैठक में महंगाई भत्ता जारी करने, महंगाई भत्ते के एरियर का भुगतान करने, पेंशनरों के लिए स्वास्थ्य बीमा लागू करने तथा बीमा प्रीमियम की राशि शून्य करने की माँग रखी गई। पदाधिकारियों ने कहा कि वृद्ध एवं गंभीर बीमारियों से पीड़ित पेंशनरों को अच्छे अस्पतालों में नि:शुल्क उपचार की सुविधा मिलनी चाहिए। साथ ही वृद्धावस्था में होने वाली नाक-कान-गला सहित अन्य गंभीर बीमारियों को भी स्वास्थ्य सुविधा के दायरे में शामिल कर नि:शुल्क उपचार उपलब्ध कराया जाए। बैठक में संगठन की मजबूती के लिए संघर्ष समिति के गठन का निर्णय लिया गया।

चिंतामण जवासिया पहुंची सेवा संकल्प यात्रा, किसानों का किया सम्मान



नईदुनिया, प्रतिनिधि, उज्जैनः सेवा संकल्प अभियान के तहत वाराणसी से वडनगर तक निकाली जा रही सेवा संकल्प यात्रा बुधवार को नरवर से चिंतामण जवासिया पहुंची। चिंतामण गणेश मंदिर परिसर में आयोजित कार्यक्रम में नगर निगम सभापति कलावती यादव, उज्जैन विकास प्राधिकरण अध्यक्ष रवि सोलंकी, सिंहस्थ मेला प्राधिकरण समिति अध्यक्ष जगदीश अग्रवाल सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलावती यादव ने सेवा संकल्प अभियान और यात्रा के उद्देश्यों पर विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि सेवा के संकल्प के साथ समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति के कल्याण के लिए कार्य करने की आवश्यकता है। उन्होंने किसानों सहित समाज के विभिन्न वर्गों के लिए संचालित योजनाओं की जानकारी भी दी और किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से किसानों को पांच लाख रुपये तक ऋण उपलब्ध कराने का उल्लेख किया। कार्यक्रम में मध्यप्रदेश सहित उत्तरप्रदेश, उत्तराखंड और झारखंड से आए लोगों की सहभागिता की जानकारी दी गई। इसके बाद स्थानीय विद्यार्थियों को पुस्तकें वितरित की गईं और उनके साथ संवाद किया गया। कार्यक्रम में दीपक बेलानी, प्रभुलाल जाटव, शैलेश शर्मा, दीपक चौधरी सहित अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

साथिया समागम में किशोरों के स्वास्थ्य सुरक्षा और सशक्तिकरण पर मंथन

नईदुनिया प्रतिनिधि, देवास : मल्हार स्मृति सभागृह में बुधवार को जिला स्तरीय 'साथिया समागम' आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पंचायत सीईओ नवीत कुमार धुर्वे ने किया। राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत 'सक्षम साथिया-सशक्त समुदाय' अभियान के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में किशोर-किशोरियों के स्वास्थ्य, पोषण, सुरक्षा और जीवन कौशल से जुड़े विषयों पर चर्चा हुई। आयोजन आसरा सामाजिक लोक कल्याण समिति द्वारा अंतरराष्ट्रीय जनसंख्या कोष (यूएनएफपीए) के तकनीकी सहयोग एवं भारतीय ग्रामीण महिला संघ (बीजीएमएस), इंदौर के समन्वय से किया गया। जिला पंचायत सीईओ ने किशोर-किशोरियों को स्वास्थ्य, शिक्षा और भविष्य के प्रति सजग रहने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि किशोरावस्था जीवन का महत्वपूर्ण पड़ाव है और सही मार्गदर्शन व वैज्ञानिक जानकारी युवाओं को सशक्त नागरिक बनाने में सहायक होती है।

सीएम हेल्पलाइन की लंबित शिकायतों पर कलेक्टर सख्त, तहसीलदारों को नोटिस



नईदुनिया, प्रतिनिधि, शाजापुरः कलेक्टर ऋजु बाफना ने बुधवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से लोकल समाधान के लिए चयनित शिकायतों और सीएम हेल्पलाइन पर प्राप्त शिकायतों की विभागवार समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को शिकायतों का निर्धारित समयसीमा में संतुष्टि के साथ निराकरण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने विशेष रूप से 50 दिन से अधिक समय से लंबित शिकायतों की समीक्षा की और अधिकारियों को लंबित मामलों के निराकरण में तेजी लाने को कहा। सीएम हेल्पलाइन तथा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि और मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना से संबंधित बड़ी संख्या में शिकायतें लंबे समय से लंबित पाए जाने पर तहसीलदार कालापीपल और पोलायकलां को कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने तथा वेतन रोकने के निर्देश दिए गए।

प्रदेश में सीएसआर का नया रोडमैप, जरूरत के मुताबिक होगा निवेश, परिणाम पर रहेगी नजर : निर्मला भूरिया

61 लाख बच्चों के पोषण और 97,882 आंगनवाड़ी केंद्रों तक सीएसआर की पहुंच बढ़ाने पर जोर



नईदुनिया प्रतिनिधि, मंदसौरः मध्यप्रदेश में कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) को सरकारी विकास प्राथमिकताओं से जोड़कर शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, महिला सशक्तीकरण और सामुदायिक विकास के क्षेत्रों में अधिक प्रभावी परिणाम हासिल करने पर जोर दिया गया है।

सीएसआर कॉन्क्लेव के उद्घाटन सत्र में महिला एवं बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया ने कहा कि सीएसआर को केवल गतिविधियां पूरी करने या निर्धारित लक्ष्य हासिल करने तक सीमित नहीं रखा जाना चाहिए, बल्कि इसका उद्देश्य समुदायों को मजबूत करना और लोगों के जीवन में स्थायी बदलाव लाना होना चाहिए। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश की विविध परिस्थितियों को देखते हुए स्थानीय जरूरतों के अनुरूप सीएसआर मॉडल विकसित किए जाने चाहिए।

सरकार की प्राथमिकताओं और कॉरपोरेट संस्थानों की विशेषज्ञता व संसाधनों के बीच बेहतर तालमेल से दीर्घकालिक परिणाम हासिल किए जा सकते हैं। इसके लिए जरूरतों की पहचान, स्पष्ट प्राथमिकताएं, प्रभावी निगरानी और परिणामों का मापन जरूरी है। उन्होंने राष्ट्रीय सीएसआर पोर्टल के साथ मध्यप्रदेश के पंखुड़ी पोर्टल को भी संभावित साझेदारों और विकास आवश्यकताओं के बीच सेतु बताया।

मध्यप्रदेश औद्योगिक विकास निगम (एमपीआईडीसी) के प्रबंध संचालक चंद्रमौली शुक्ला ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में प्रदेश में करीब 1,195.34 करोड़ रुपये सीएसआर पर खर्च किए गए। उन्होंने राज्य और जिला स्तर पर जरूरतों की बेहतर मैपिंग, सरकारी प्राथमिकताओं और कंपनियों की रुचि के बीच समन्वय तथा सीएसआर पोर्टल को मजबूत करने की आवश्यकता बताई। महिला एवं बाल विकास आयुक्त संदीप जी.आर. ने कहा कि बच्चों के जीवन के शुरुआती छह वर्ष और पहले 1,000 दिन पोषण एवं विकास की दृष्टि से महत्वपूर्ण हैं।

प्रदेश में करीब 97,882 आंगनवाड़ी केंद्रों के माध्यम से 61 लाख से अधिक बच्चों की पोषण संबंधी जरूरतों पर काम किया जा रहा है। सीएसआर के जरिए आंगनवाड़ी केंद्रों के बुनियादी ढांचे, स्वास्थ्य एवं पोषण सेवाओं और स्थानीय नवाचारों को मजबूत किया जा सकता है। उन्होंने स्थानीय खाद्य सामग्री और मिलेट्स आधारित 'रंगीन रोटी' जैसे पोषण मॉडल का उदाहरण दिया।

कॉन्क्लेव में बताया गया कि राष्ट्रीय सीएसआर व्यय में मध्यप्रदेश की हिस्सेदारी करीब 1.44 प्रतिशत है, जबकि राज्य की आबादी देश की करीब छह प्रतिशत है। ऐसे में सीएसआर निवेश बढ़ाने की संभावनाएं हैं। सत्र में जरूरतों और निवेश के बीच सीधा संबंध स्थापित करने, परियोजनाओं के परिणाम मापने और सफल मॉडलों को व्यापक स्तर पर लागू करने पर जोर दिया गया।

सेवा संकल्प अभियान में गूंजा 'सही पोषण, देश रोशन' का संदेश



नईदुनिया प्रतिनिधि, सीहोरः प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में आयोजित सेवा पखवाड़े के तहत 17 सितंबर से 5 अक्टूबर तक विभिन्न सेवा गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को सुभाष मार्ग, इंग्लिशपुरा स्थित आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक-72, वार्ड क्रमांक-8 में आंगन मिलन कार्यक्रम उत्साहपूर्वक आयोजित किया गया। कार्यक्रम में 'सही पोषण, देश रोशन' का संदेश देते हुए महिलाओं एवं बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण और सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूक किया गया।

कार्यक्रम के दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं द्वारा केंद्र पर दी जा रही सेवाओं की जानकारी उपस्थित महिलाओं को दी गई। बच्चों के स्वास्थ्य की जांच की गई तथा विभिन्न शासकीय योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई। साथ ही महिलाओं के साथ संवाद कर उनकी समस्याओं एवं आवश्यकताओं पर चर्चा की गई।

इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं सहित एएनएम और आशा कार्यकर्ताओं का पुष्पमाला एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में वृक्षारोपण भी किया गया तथा बच्चों एवं महिलाओं को फल एवं मिठाई का वितरण किया गया। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाएं मंजू त्यागी, रानी मालवीय, रेनू भावसार, किरण पालीवाल, प्रेमलता कुशवाहा, आशा, सीमा मेवाड़ा एवं रंजना कुशवाहा सहित युवा मोर्चा नगर प्रवक्ता विशाल पाटीदार, वार्ड क्रमांक-8 के पार्षद दिनेश कुशवाहा, बूथ अध्यक्ष गोविंद लोवानिया, एस.पी. मालवीय सहित भाजपा कार्यकर्ता, आंगनबाड़ी केंद्र की संचालिका, वार्ड की महिलाएं एवं बड़ी संख्या में बच्चे उपस्थित रहे।

चार साल की बच्ची की हत्या शव शौचालय के गड्ढे में छिपाया

- **पिता और भाभी गिरफ्तार, पुलिस ने चंद घंटों में किया मामले का खुलासा**

नईदुनिया प्रतिनिधि, गंजबासौदाः शहर थाना पुलिस ने चार वर्षीय बच्ची की हत्या के मामले का चंद घंटों में खुलासा करते हुए उसके पिता और भाभी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार 29 सितंबर को ग्राम सुनारी निवासी लल्ला आदिवासी ने अपनी चार वर्षीय बेटी के बहला-फुसलाकर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

इस पर गंजबासौदा शहर थाने में धारा 137(2) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज कर बच्ची की तलाश शुरू की गई। पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देशन में थाना प्रभारी निरीक्षक संजय वेदिया के नेतृत्व में पुलिस टीमों को बच्ची की तलाश में लगाया गया।

जांच के दौरान मिले भौतिक साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने बच्ची के पिता लल्ला आदिवासी और उसकी बहू उर्मिला आदिवासी से पूछताछ की। पुलिस के मुताबिक पूछताछ में लल्ला ने बताया कि उसकी बहू उर्मिला ने बच्ची का गला दबाकर हत्या कर दी और शव को घर के पीछे बने शौचालय के गड्ढे में छिपा दिया। पुलिस ने मौके से बच्ची का शव बरामद कर सिविल अस्पताल में पोस्टमार्टम कराया और बाद में शव परिजनों को सौंप दिया। मामले में हत्या सहित साक्ष्य छिपाने और अन्य संबंधित धाराओं का इजाफा किया गया है। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। गिरफ्तार आरोपियों में लल्ला आदिवासी पिता शोभाराम आदिवासी (40), निवासी ग्राम सुनारी और उर्मिला पत्नी तुलाराम आदिवासी (18), निवासी ग्राम सुनारी शामिल हैं।

सीएमओ ने किया स्वास्थ्य संस्थाओं का आकस्मिक निरीक्षण, अनुपस्थित चिकित्सक-कर्मचारियों का वेतन काटने के निर्देश

नईदुनिया प्रतिनिधि, विदिशाः स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता, चिकित्सकों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति तथा रोगियों को समय पर उपचार उपलब्ध कराने की व्यवस्था का निरीक्षण करने के लिए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रामहित कुमार एवं टीकाकरण अधिकारी डॉ. हेमंत पचैली द्वारा विभिन्न स्वास्थ्य संस्थाओं का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। अधिकारियों ने जनचिकित्सालय सिरोंज, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नटेरन तथा आयुष्मान आरोग्य मंदिर सेऊ का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की समीक्षा की और निर्देश दिए।

जनचिकित्सालय सिरोंज में अधिकारियों ने चिकित्सकों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति रजिस्टर का अवलोकन किया। रजिस्टर में अनुपस्थित पाए गए चिकित्सक एवं कर्मचारियों के संबंध में संस्था प्रभारी को एक दिन का वेतन काटने



के निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि स्वास्थ्य संस्थाओं में पदस्थ चिकित्सकों एवं कर्मचारियों की समय पर उपस्थिति आवश्यक है, ताकि मरीजों को उपचार एवं स्वास्थ्य सेवाओं के लिए अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े।

अधिकारियों ने अस्पताल परिसर की साफ-सफाई व्यवस्था का भी निरीक्षण किया। संस्था प्रभारी को निर्देश दिए गए कि अस्पताल परिसर में नियमित रूप से दिन में कम से कम 3 से 4 बार साफ-सफाई कराई जाए। वार्ड, परिसर एवं मरीजों के आवागमन वाले स्थानों पर स्वच्छता व्यवस्था बनाए रखने के साथ-साथ स्वास्थ्य संस्थाओं में स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया।

अधिकारियों ने मरीजों एवं उनके परिजनों के साथ सदाचरण और मृदुभाषी व्यवहार करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य संस्थाओं में आने वाले प्रत्येक मरीज को समय पर आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं। साथ ही पात्र हितग्राहियों को शासन की जनकल्याणकारी स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ दिलाना भी सुनिश्चित किया जाए।

इसके बाद अधिकारियों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नटेरन का निरीक्षण किया। यहां चिकित्सकों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति तथा स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता की जानकारी ली गई। उपस्थित चिकित्सकों एवं कर्मचारियों को निर्धारित समय पर संस्था में उपस्थित रहकर आने वाले मरीजों का समुचित उपचार करने के निर्देश दिए गए।

एनआरसी (पोषण पुनर्वास केन्द्र) का भी अधिकारियों द्वारा निरीक्षण किया गया। इस दौरान एनआरसी में भर्ती बच्चों की संख्या एवं उनकी स्थिति के संबंध में जानकारी ली गई।

आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम में महिलाओं को योजनाओं की दी जानकारी

नईदुनिया प्रतिनिधि, बरेलीः सेवा संकल्प अभियान के तहत बुधवार को बगलबाड़ा सेक्टर के आंगनवाड़ी केंद्र खंडराज फेस-1 में आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम बाल विकास परियोजना अधिकारी जुलेखा खान और सुपरवाइजर अभिलाषा ठाकुर के निर्देशन में हुआ। इसमें बड़ी संख्या में महिलाएं और बच्चे शामिल हुए। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता ममता धाकड़ ने बच्चों को सृजनात्मक एवं ज्ञानवर्धक गतिविधियों में शामिल कराया। इसके माध्यम से बच्चों की रचनात्मक क्षमता और सीखने की रुचि बढ़ाने का प्रयास किया गया।

महिलाओं को शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देकर पात्र हितग्राहियों को लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया। सरपंच प्रतिनिधि महेंद्र पटेल ने महिला सशक्तीकरण और



आत्मनिर्भर भारत की संकल्पना पर विचार रखे।

कार्यक्रम में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के प्रोत्साहन एवं सम्मान के तहत ममता धाकड़ को दीवार घड़ी भेंट कर सम्मानित किया गया। गोविंद सिंह राजपूत ने विकसित भारत की संकल्पना पर विचार व्यक्त किए। रामकुमारी धाकड़ ने महिलाओं को माता एवं शिशु की स्वच्छता, स्वास्थ्य और पोषण संबंधी जानकारी दी।

उन्होंने बच्चों के समुचित विकास के लिए पोषणयुक्त आहार, स्वच्छता और स्वास्थ्य देखभाल के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के अंत में महिलाओं और बच्चों को स्वल्पाहार कराया गया। आयोजन के माध्यम से स्वास्थ्य, पोषण, स्वच्छता और शासकीय योजनाओं के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और संबंधित कर्मचारियों का सहयोग रहा।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में रक्तदान शिविर

गंजबासौदा। सेवा संकल्प अभियान के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र त्योंदा में बुधवार को रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों और स्थानीय नागरिकों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। इस दौरान कुल 13 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया।

शिविर में डॉ. प्रवेंद्र तिवारी, डॉ. नीलेश गुर्जर सहित स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी और स्थानीय नागरिक मौजूद रहे। रक्तदान करने वाले लोगों को इसके महत्व के बारे में जानकारी भी दी गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस और जनसेवा के उद्देश्य से 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलाए जा रहे सेवा संकल्प अभियान के तहत विभिन्न क्षेत्रों में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं।

अभियान का उद्देश्य रक्त की कमी के कारण किसी जरूरतमंद की जान न जाए और समाज में जीवन रक्षा के साथ सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को बढ़ावा देना है।

दश लक्षण महापर्व के समापन पर कल निकलेगा भव्य चल समारोह

नईदुनिया प्रतिनिधि, गंजबासौदाः दश लक्षण महापर्व के समापन अवसर पर जैन समाज द्वारा 2 अक्टूबर को जिनेंद्र भगवान का भव्य चल समारोह निकाला जाएगा। जैन समाज के मंत्री सतीश जैन ने बताया कि यह चल समारोह प्रतिवर्ष नगर गौरव समाधिस्थ मुनि वीर सागर महाराज की समाधि दिवस के अवसर पर आयोजित किया जाता है। आयोजन को लेकर समाज के प्रतिनिधियों ने जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों से मुलाकात कर उन्हें समारोह में शामिल होने का आमंत्रण दिया है। चल समारोह को लेकर जैन समाज द्वारा तैयारियां पूरी की जा रही हैं।

चल समारोह की शुरुआत सुबह 6.30 बजे पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर, पारसपुरम में मंगलाष्टक, अभिषेक और शांतिधारा के साथ होगी। इसके बाद जिनेंद्र भगवान का विमानजी चल समारोह नगर के प्रमुख मार्गों से होकर निकलेगा। यात्रा सदर बाजार, सावरकर चौक, जयस्तंभ चौक, नेहरू चौक, सुभाष चौक, महावीर मार्ग, मिल रोड और त्योंदा रोड होते हुए शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर प्रांगण पहुंचेगी।

आयोजन को लेकर जैन समाज के प्रतिनिधिमंडल ने विधायक हरि सिंह रघुवंशी, नगरपालिका अध्यक्ष शशि यादव, जनपद अध्यक्ष नीतू रघुवंशी, जिला पंचायत सदस्य गायत्री रघुवंशी, उपाध्यक्ष संदीप ठाकुर, पूर्व विधायक निशंक जैन और पूर्व विधायक लीना संजय जैन सहित एसडीएम अनुभा जैन, एसडीओपी शिखा भलावी, तहसीलदार अतुल श्रीवास्तव, शहर व देहात थाना प्रभारियों तथा ट्रैफिक पुलिस अधिकारियों को आमंत्रित किया है।

गरबा महोत्सव प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

नईदुनिया प्रतिनिधि, सीहोरः मंगलवार की शाम आवासीय खेलकूद संस्थान मल्टीपरपज हॉल में शॉल श्रीफल स्मृति चिन्ह भेंटकर पुष्प मालाए पहनाकर आत्मीयता से सम्मान कर अरुणा सुदेश राय प्रतिभा निखार मंच गौरान्वित हो गया। क्रिसेंट गरबा महोत्सव में प्रशिक्षण ले रही माता बहने बालिकाओं ने शुभ अवसर पर अपनी सामूहिक नृत्य कला का प्रदर्शन भी किया।

सम्मान समारोह का शुभारंभ माता आदिशक्ति दुर्गा भवानी की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलित कर विधायक सुदेश राय और समाजसेविका अरुणा राय द्वारा किया गया। शहर के पत्रकारों ने जहां शिरकत कर क्रिसेंट गरबा महोत्सव प्रशिक्षण कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई वही पत्रकारों ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन भी किया। अरुणा सुदेश राय प्रतिभा



निखार मंच क्रिसेंट गरबा महोत्सव में शहर सहित आसपास की ग्रामीण अंचल की दो हजार से अधिक बालिकाओं माता बहनों को दिए जा रहे निशुल्क गरबा प्रशिक्षण की सम्मानीय पत्रकारों के द्वारा हृदय से प्रशंसा की गई। सम्मान समारोह के दौरान विधायक सुदेश राय और समाजसेविका अरुणा ने कहा कि राय परिवार के द्वारा आयोजित सभी जनहितैषी धार्मिक सामाजिक सांस्कृतिक गतिविधियों कार्यक्रमों में पत्रकार साथियों का महत्वपूर्ण सहयोग हमेशा मिलता है। उन्होंने कहा कि पत्रकारों के बिना सहयोग के कोई भी कार्यक्रम संपूर्ण नहीं होता है। पत्रकार हमारा मार्गदर्शन करते हैं ।

आज हम सम्मानीय पत्रकारों का सम्मान कर गौरांवित हो रहे हैं हमारा सौभाग्य है कि क्रिसेंट गरबा महोत्सव प्रशिक्षण में पत्रकार सम्मिलित हुए हैं और उन्होंने बालिकाओं को अपना आशीर्वाद प्रदान किया है। पत्रकारों की सम्मानीय उपस्थित हमारे लिए प्रेरणा एवं सौभाग्य का विषय हैं।

उल्लेखनीय है कि अरुणा सुदेश राय प्रतिभा निखार मंच क्रिसेंट गरबा महोत्सव प्रशिक्षण मैं प्रतिदिन अलग-अलग 1 घंटे के बैच में बालिकाओं गरबा की राजस्थानी गुजराती विधा प्रशिक्षकों के द्वारा सिखाई जा रही है।

रिसेंट गरबा महोत्सव प्रशिक्षण कार्यक्रम शहर सहित पूरे जिले में लोकप्रिय हो गया है शहर के बाहर से भी गरबा सीखने के लिए आ रही है। अरुणा सुदेश राय प्रतिभा निखार मंच क्रिसेंट गरबा महोत्सव प्रशिक्षण पूर्ण रूप से निशुल्क बालिकाओं को प्रशिक्षण दे रहा है प्रतिदिन लगातार संख्या बढ़ रही है। आगामी 13 अक्टूबर को फाइनल कार्यक्रम रखा गया है। आगामी 14 15 16 को विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जएगा। प्रतिभागियों को बाइक लैपटॉप मोबाइल सहित अन्य उपहार प्रदान किए जाएंगे।

जाहिर सूचना

(एक किता प्लॉट क्रमांक 192, स्थित 'सिगनेचर पार्क' ग्राम पीपलनेर, तहसील हुजूर, जिला भोपाल नगर निगम वार्ड क्रमांक 01 के संव्यवहार के संबंध में)। मेरे पक्षकार श्री ऐजाज खान, पुत्र श्री अंसार अहमद खान, निवासी-62, नूरमहल रोड़, भोपाल की ओर से, मैं एतद्वारा आमजन को सूचित करता हूँ कि मेरे उक्त पक्षकार द्वारा उपरोक्त संपत्ति अर्थात् प्लॉट क्रमांक 192, स्थित 'सिगनेचर पार्क' ग्राम पीपलनेर, तहसील हुजूर, जिला भोपाल नगर निगम वार्ड क्रमांक 01 के संबंध में श्री विपिन सिंह परिहार, आत्मज श्री उदय सिंह परिहार, निवासी- ग्राम फतेहपुर स्टेट, पूंछ, फतेहपुरा, झाँसी (उत्तर प्रदेश) से विक्रय अनुबंध पत्र निष्पादित किया गया है और इस संबंध में बयाना राशि भी विपिन सिंह परिहार को अदा कर दी गई है। अतएव सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त संपत्ति के संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह इस प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति दर्ज करवा सकता है। उक्त समयावधि व्यतीत होने के उपरांत कोई भी आपत्ति मान्य नहीं होगी।

MOHAMMAD UMAR KHAN, ADVOCATE
Contact No. 91-9893168860
Office Address :: Lawfinity Partners, 7, Ahmedabad Palace, Bhopal-462001

1824

कार्यालय सम्पदा अधिकारी
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल, प्रक्षेत्र-2,अयोध्या नगर, भोपाल

आम सूचना

अरविन्द विहार बागमुगालिया हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी भोपाल में भूखण्ड/भवन क्रमांक एच. आई.जी.-III/589 मण्डल द्वारा श्री प्रदीप कुमार शर्मा आत्मज स्व. श्री आत्मा शरण शर्मा एवं श्री सतीश चन्द्र शर्मा आत्मज स्व. श्री आत्मा शरण शर्मा के संयुक्त नाम पर हस्तान्तरण आदेश क्र. 13132-137 दिनांक 21/11/2002 को हस्तान्तरित किया गया है। जिसका विक्रय विलेख दिनांक 12/06/2002 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत है। श्री सतीश चन्द्र शर्मा आत्मज स्व. श्री आत्मा शरण शर्मा द्वारा भवन का हक त्याग विलेख पत्र का पंजीयन दिनांक 20/10/2003 को पंजीकृत कराकर संपत्ति श्री प्रदीप कुमार शर्मा आत्मज स्व. श्री आत्मा शरण शर्मा के एकल नाम पर कर दिया गया। परन्तु श्री प्रदीप कुमार शर्मा द्वारा हक त्याग पत्र के माध्यम से श्री सतीश चन्द्र शर्मा आत्मज स्व. श्री आत्मा शरण शर्मा का नाम विलोपित नही कराया गया। श्री प्रदीप कुमार शर्मा आत्मज स्व. श्री आत्मा शरण शर्मा (पिता जी) की दिनांक 26/10/2020 एवं श्रीमती रूपा शर्मा पत्नी श्री प्रदीप कुमार शर्मा (माता जी) की दिनांक 03/02/2022 तथा श्री वरुण शर्मा आत्मज श्री प्रदीप कुमार शर्मा (भाई) की दिनांक 17/12/2011 को मृत्यु होने के उपरांत उनकी पुत्री सुश्री कविता शर्मा पुत्री स्व. श्री प्रदीप कुमार शर्मा (पत्नी श्री सतीश कुमार साकेत) के द्वारा आवेदन पत्र, शपथ-पत्र (स्वयं का) एवं मण्डल प्रारूप पर आवेदन प्रस्तुत करते हुए हक त्याग विलेख दिनांक 20/10/2003 के आधार पर उक्त संपत्ति अपने नाम हक्त्याग हस्तान्तरण/नामान्तरित करने हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किये गये है। उनके द्वारा यह शपथ-पत्र भी प्रस्तुत किया है कि भवन के मूल आवंटी श्री सतीश चन्द्र शर्मा आत्मज स्व. श्री आत्मा शरण शर्मा एवं उनके परिवार का वर्तमान में कही पता नहीं चल रहा है। भविष्य में किसी भी वाद-विवाद हेतु वह स्वय जिम्मेदार होगी। प्रस्तुत दस्तावेजो एवं हक त्याग विलेख दिनांक 28/11/2023 के आधार पर उक्त संपत्ति से श्री सतीश चन्द्र शर्मा आत्मज स्व. श्री आत्मा शरण शर्मा का नाम विलोपित करते हुए. श्री प्रदीप कुमार शर्मा आत्मज स्व. श्री आत्मा शरण शर्मा के नाम पर हस्तान्तरण करते सुश्री कविता शर्मा पुत्री स्व. श्री प्रदीप कुमार शर्मा (पत्नी श्री सतीश कुमार साकेत) के नाम पर नामान्तरण का प्रकरण इस कार्यालय में विचाराधीन है। यदि किसी व्यक्ति/उत्तराधिकारी/या किसी संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो ता 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप से सबूत के साथ इस कार्यालय को प्रस्तुत करें, समयावधि के पश्चात् कोई भी आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

सम्पदा अधिकारी
म.प्र. गृह नि. एवं अधो. वि. म. प्रक्षेत्र-2 भोपाल

1823